<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

शुद्धि पत्र संख्या – 25/2018–19

क्रमांक : एफ.7 (39) भर्ती/AFDO/EP-I/2016–17/282 **दिनांक : 25.10.2018**

आयोग द्वारा जारी शुद्धि पत्र संख्या 21/2018–19 दिनांक 28.9.2018 एवं शुद्धि पत्र संख्या 23/2018–19 दिनांक 01.10.2018 के अतिक्रमण में **विज्ञापन संख्या 05/2016–17 दिनांक 05.10.2016 व इसके पश्चात् जारी किये गये समस्त विज्ञापनों/शुद्धि पत्रों** के तहत् ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. विधवा/परित्यक्ता/विकलांग वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभ्यर्थी के रूप में (अपने मूल वर्ग में) आवेदन किया है तथा विधवा/परित्यक्ता/विकलांग श्रेणी जुड़वाना चाहते हैं, ऐसे अभ्यर्थी प्रथम चरण का परीक्षा परिणाम जारी होने से पूर्व निर्धारित प्रमाण पत्र एवं शुल्क रूपये 300/– सहित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अपना वर्ग परिवर्तन करवा सकते है।
2. ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाईन आवेदन करने के समय त्रुटिवश अपना लिंग गलत अंकित कर दिया है अर्थात् Male के स्थान पर Female तथा Female के स्थान पर Male अंकित कर दिया है तो वे अभ्यर्थी प्रथम चरण का परीक्षा परिणाम जारी होने से पूर्व निर्धारित शुल्क रूपये 300/– सहित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अपना लिंग परिवर्तन करवा सकते हैं।

(पी.सी. बेरवाल)
सचिव